"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 197] रायपुर, सोमवार, दिनांक 30 जुलाई 2012—श्रावण 8, शक 1934

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़
इन्द्रावती खण्ड, मंत्रालय परिसर, रायपुर

रायपुर, दिनांक 30 जुलाई 2012

क्रमांक 29/चार/निरर्हित/2008-12/964.—भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली का आदेश संख्या-76/छ.ग.-लो.स./2009/208, दिनांक 12 जुलाई, 2012 लोकसभा साधारण निर्वाचन-2009 के दौरान निर्वाचन लड़ने वाले निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे अभ्यर्थियों को आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निरर्हित घोषित सूची सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित की जाती है.

सुनील कुजूर,
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी.

भारत निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली 110001

नई दिल्ली, दिनांक 9 जुलाई, 2012—18 आषाढ़, 1934 (शक)

आदेश

सं. 76/छ.ग.-लो.स./2009.—यत: निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि नीचे की सारणी के स्तम्भ (2) में यथा विनिर्दिष्ट छत्तीसगढ़ राज्य से लोक सभा के साधारण निर्वाचन, 2009 के लिए जो स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट निर्वाचन क्षेत्र से हुआ है स्तम्भ (4) में उसके सामने विनिर्दिष्ट निर्वाचन लड़ने वाला प्रत्येक अभ्यर्थी, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित उक्त सारणी के स्तम्भ (5) में यथा दर्शित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने/अथवा विधि द्वारा अपेक्षित रीति से दाखिल करने में असफल रहा है;

और, यत: उक्त अभ्यर्थियों ने सम्यक् सूचना दिए जाने पर भी उक्त असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है या उनके द्वारा दिये गये अभ्यावेदनों पर, यदि कोई हो, विचार करने के पश्चात् निर्वाचन आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास उक्त असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है;

अत: अब, निर्वाचन आयोग उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में नीचे की सारणी के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य/संघ राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और सदस्य होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है.

सारणी

क्रम संख्या	निर्वाचन का विवरण	संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम	निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी का नाम व पता	निरर्हता का कारण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	छत्तीसगढ़ राज्य से लोक सभा का साधारण निर्वाचन 2009	9-महासमुन्द	डॉ. लता मरकाम, चॉदनी चौक, एकता नगर, जोन 3, भिलाई, छत्तीसगढ़.	निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे.
2.	—वही—	—वही—	श्री राम प्रसाद चौहान, ग्राम-तिलईदादर, पोस्ट-चनाट, तह.-बसना, जिला-महासमुन्द, छत्तीसगढ़.	—वही—

आदेश से,

हस्ता./-

(हरबंस सिंह)

सचिव,

भारत निर्वाचन आयोग.

ELECTION COMMISSION OF INDIA

Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi-110001

New Delhi, Dated 9th July, 2012—18 Asadha, 1934 (Saka)

ORDER

No. 76/CG-HP/2009.— Order Whereas, the Election Commission is satisfied that each of the contesting candidates specified in column (4) of the Table below at the General Election to the House of the People, 2009 from the State of Chhattisgarh as specified in column (2) held from the constituency specified in column (3) against his/her name has failed to lodge any account of his/her election expenses at all required by the Representation of the People Act, 1951, and the rules made thereunder as shown in column (5) of the said Table;

And Whereas, the said candidates have either not furnished any reason or explanation for the said failure even after due notice or the Election Commission after considering the representation made by them, if any, is satisfied that they have no good reason or justification for the said failure;

Now, therefore, in pursuance of Section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the persons specified in column (4) of the Table below to be disqualified for being chosen as, and for being a member of either House of the Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State/Union Territory for a period of three years from the date of this order :—

TABLE

Sl. No.	Particulars of election	Number & Name of the Parliamentary Constituency	Name & Address of the Candidate	Reason of disqualification
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	General Election to the House of People 2009, from the State of Chhattisgarh.	9-Mahasamund	Dr. Lata Markam, Chandni Chowk, Ekta Nagar, Zone 3, Bhilai, Chhattisgarh.	Failure to lodge any account of election expenses.
2.	—do—	—do—	Sh. Ramprasad Chauhan, Village-Tilaidadar, Post-Chanat, Tel.-Basna Distt.- Mahasamund, Chhattisgarh.	—do—

By Order,

Sd/-

(Harbans Singh)

Secretary,

Election Commission of India.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.